0 से 5 वर्ष के बच्चो का आधार कार्ड बनाया जा रहा है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में 0 से 5 वर्ष के बच्चो के लिए आधार कार्ड बनाने का कार्य कार्यालयीन अवधि में किया जा रहा है। आधार कार्ड की आवश्यकता सभी को पड़ती है। नागरिको की सुविधा के लिए यह व्यवस्था मुख्य कार्यालय में की गई है। बच्चो का आधार कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज–बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र, माता–पिता का आधार कार्ड, माता या पिता कोई एक व्यक्ति बच्चे को लाकर आधार कार्ड बनवा सकते है। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क 50 रूपया है। विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी अभिभावको से अपील की है कि अब आपको अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चो के आधार कार्ड के लिए इधर–उधर जाने की आवश्यकता नही है। माता पिता में से कोई भी व्यक्ति आवश्यक दस्तावेज लेकर निगम मुख्य कार्यालय के जनगणना विभाग के सामने स्थित काउन्टर पर आकर बनवा सकते है। अपने भी सुविधा का लाभ ले एवं दुसरे अभिभावको को भी बतावें।